आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

03.09.2024 समय : 1850

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सभी शैक्षणिक संस्थानों को बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना चाहिए।
- द्वीपसमूह के कुछ ग्राम पंचायतों में खाली सीटों के लिए उनतीस सितम्बर को उप–चुनाव कराया जाएगा ।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की फीडर कैडर से तीन अधिकारियों को दानिक्स कैडर में पदोन्नति दिया गया है।
- अंडमान निकोबार कमान की ओर से आयोजित एन्टेक संगोष्ठी का आज समापन हो गया।
- सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम अट्ठारह सौ साठ के तहत पंजीकृत सभी सोसाइटियों और समितियों को जरूरी जानकारियां जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सभी शैक्षणिक संस्थानों को बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना चाहिए, क्योंकि वे देश के विकास का अभिन्न अंग है। उन्होंने यह बात आज पुणे में सिम्बिओसिस विश्वविद्यालय के इक्कीसवें दीक्षांत समारोह के अवसर पर कही। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वर्ण पदक विजेताओं में ग्यारह में से आठ महिलाएं होना विश्वविद्यालय के इन्हीं प्रयासों को दर्शाता है।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ ग्राम पंचायतों में खाली सीटों के लिए उनतीस सितम्बर को उप–चुनाव कराया जाएगा। इनमें लिटिल अंडमान तहसील में रामकृष्णपुर ग्राम पंचायत में प्रधान, ग्राम पंचायत पर्णशाला में रामपुर–दो, रंगत–दस, दशरथपुर–तीन और मनारघाट–एक में सदस्य की सीटों के लिए उप–चुनाव होगा। उप–चुनाव के लिए नियुक्त संबंधित निर्वाचन अधिकारियों और सहायक निर्वाचन अधिकारियों का विवरण अधिसूचित कर दिया गया है। मतदान केन्द्रों के बारे में भी विवरण जारी किया गया है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की फीडर कैडर से तीन अधिकारियों को दानिक्स कैडर में पदोन्नति दिया गया है। इनमें निकोबारी समुदाय का एक अधिकारी भी शामिल हैं। एन जी ओस एसोसिएशन ने पदोन्नति दिए जाने पर गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव यू टी के प्रति अपना आभार प्रकट किया है।

<><><><><><>

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़कों पर नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। आज नई दिल्ली में टनलिंग इंडिया के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने बारिश, भूस्खलन और बाढ़ के मद्देनजर सड़कों के प्रभावी स्थायी समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने कहा कि भारत में सुरंग बनाने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि सुरंगों के कई महत्वपूर्ण लाभ हैं।

<><><><><><>

भारत ने विश्व बौद्धिक संपदा संगठन के वैश्विक नवाचार सूचकांक– जीआईआई–दो हजार तेईस में एक सौ बत्तीस वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में चालीसवां स्थान हासिल किया है। नीति आयोग ने बताया कि भारत उन देशों के समूह में शामिल है, जो जीआईआई रैंकिंग में पिछले दशक में तेजी से आगे बढ़े हैं। रिपोर्ट के अनुसार भारत पिछले दशक में नवाचार के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ा है। भारत का नवाचार में लगातार तेरहवें वर्ष बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण कार्यों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके माध्यम से सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमणों को हटाया जा रहा है। छोलदारी में इसी तरह का एक अतिक्रमण हटाया गया। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने आम जनता से इस तरह की गतिविधियों से दूर रहने को कहा है और ऐसे लोगों के खिलाफ सूचनाएं देने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से पोर्ट ब्लेयर में एन्टेक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। दीपिका सभागार में आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी का आज समापन हो गया। संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने सैन्य बलों की संचालन क्षमता में वृद्धि के लिए प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डाला। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की सुरक्षा के मद्देनजर उन्होंने ऐसे चुनौतियों से निपटने के उपायों पर भी जानकारी दी। चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अपने विचार रखे। संगोष्ठी में सैन्य बलों के विभिन्न शाखाओं के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा भारतीय सेना और नागरिक सेवा के करीब डेढ़ सौ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में सामूहिक चर्चा और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों द्वारा अपने अनुभव भी साझा किए गए।

<><><><><><>

सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय के तहत स्थापित नमस्ते कार्यक्रम के तहत राज्य नमस्ते समन्वयक के एक पद के लिए कल नगरपालिका परिषद के सचिव के कार्यालय में शाम तीन बजे सीधे साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। अनुबंध के आधार पर इक्कीस से पैंतीस वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आयोजित होने वाले साक्षात्कार में चुने गए उम्मीदवार को प्रतिमाह पैंतालीस हजार रूपये की एकमुश्त राशि प्रदान की जाएगी।

उधर, स्वास्थ्य विभाग में ड्रग्स इंस्पेक्टर के तीन पदों के लिए सीधे साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। दो पद दक्षिण अंडमान और एक पद मध्योत्तर अंडमान के लिए है। अनुबंध के आधार पर एक वर्ष अवधि के लिए की जाने वाली नियुक्ति के लिए उम्मीदवार को तैंतालीस हजार आठ सौ रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। छब्बीस सितम्बर की शाम पांच बजे तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। सत्रह अक्तूबर को संभवतः सीधे साक्षात्कार का आयोजन होगा। उम्मीदवार की आयु चालीस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

<><><><><><>

सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम अट्ठारह सौ साठ के तहत पंजीकृत सभी सोसाइटियों, संघो, युवा क्लबों, गैर सरकारी संगठनों, मंदिर समितियों, महिला मंडलों, गिरजाघरों, मस्जिदों और स्कूलों को जरूरी जानकारियां जमा करने को कहा गया है। ऐसे सभी संबंधितों को उनकी वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट, सोसाइटी के पैन का विवरण, उनका बैंक खाता नम्बर और वर्तमान पदाधिकारियों सहित अन्य सदस्यों की सूची उनके पते, फोन नम्बर और ई–मेल आई डी के साथ जमा करने को कहा गया है। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त कार्यालय में पंजीकृत सभी सोसाइटियों को एन जी ओ पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकृत

करवाने और इसकी पुष्टि तीस दिनों के भीतर जमा करने को भी कहा गया है। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**<><><><><><>**

एन्टी नारकोटिक्स पुलिस थाने की टीम ने दो अलग–अलग छापेमारी अभियान में एक किलो दो सौ ग्राम से अधिक गांजा ज़ब्त किया है। पहले ऑपरेशन में आठ सौ पचास ग्राम गांजा और दूसरे ऑपरेशन में चार सौ पचानब्बे ग्राम गांजा ज़ब्त किया गया। पुलिस ने आम जनता से सतर्क रहने और ऐसी गतिविधियों के बारे में सूचना देने का अनुरोध किया है।

**<><><><><><>**

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विशाल जॉली ने दूध लाईन निवासी के. करपईया के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया। वे तिरासी वर्ष के थे।

**<><><><><><>**

शिक्षक दिवस मनाए जाने के सिलसिले में ब्रीटेक आई टी की ओर से कल नगरपालिका परिषद के डॉ. बी आर अम्बेडकर सभागार में कार्यक्रम रखा गया है। शाम साढ़े तीन बजे आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित भी किया जाएगा।

**<><><><><><>**

आगामी वरिष्ठ महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के लिए द्वीपसमूह से खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से सात सितम्बर को सुबह नौ बजे से नेताजी स्टेडियम में चयन प्रक्रिया आरंभ होगी। और जानकारी के लिए एसोसिएशन के पदेन सचिव संजय मेशाक से संपर्क किया जा सकता है।

**<><><><><><>**

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। हटबे में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक तिरपन दशलमव दो मिलीमीटर, मायाबंदर में बावन, लांग आइलैंड में पैतालीस दशमलव चार, पोर्ट ब्लेयर में उनतीस दशमलव सात, ननकौड़ी में चौदह, वायु सेना केन्द्र कार निकोबर में तेरह दशमलव चार और कार निकोबार में दस मिलीमीटर वर्षा हुई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में भारी वर्षा होगी। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को कल से सात सितम्बर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

**<><><><><><>**